# श्याम की दीवानी है राधा जितनी | By Pradeep Agarwal (Ashirwad)

श्याम की दीवानी है राधा जितनी
मीरा को भी मोहन से प्रीत उतनी

राधा के नैनो में छाये हुए
मीरा हृदय में समाये हुए
राधा ने गोकुल में पाया जिन्हे
मीरा ने प्रियतम बनाया जिन्हे
श्याम की दीवानी है..........

राधा मगन मुरली वाला मिला
मीरा मगन एक तारा मिला
राधा को बिरहा ज्वाला मिली
तो मीरा मगन को इश्क़ का प्याला मिला
श्याम की दीवानी है..........

सारा जगत जिनको झूठा लगा
दोनों को प्यार अनूठा लगा
प्रेम रस राधा ने पाया मगर
भक्ति को रस मीरा को सारा मिला
श्याम की दीवानी है..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%bf/